हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024



# नए साल में हालेकोसा में होगी शिवमहापुराण कथा, सात एकड़ में लग रहे तीन डोम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा एक बार फिर जिले में आयोजित होने जा रही है। नए साल के अवसर पर 4 से 10 जनवरी के मध्य छुरिया के ग्राम हालेकोसा में इस कथा का आयोजन किया जा रहा है। खास बात यह है कि लाखों की भीड़ आने की संभावना को देखते हुए आयोजनकर्ताओं द्वारा तीन विशाल डोम लगाए जा रहे हैं। इन डोम की साईज पिछले बार के मुकाबले अधिक होने वाली है। इसके अलावा कथा के दौरान पार्किंग, भंडारा सहित सुरक्षा की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

## चार सौ वालिंटियर संभालेंगे शिवमहापुराण कथा की व्यवस्था, तैयारियां प्रारंभ

### सात एकड़ में लगेगा पंडाल

पंडीत प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुराण कथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में उनके बैठने की व्यवस्था करने के लिए हालेकोसा ग्राम में सात एकड़ भूमि में तीन डोम लगाए जा रहे हैं। एक डोम की साईज 100 बाय 500 होगी। ज्ञात हो कि इससे पहले हालेकोसा में आयोजित हुए कथा के दौरान 100 बाय 300 का डोम बनाया गया था। इसके अलावा भी पाईप पंडाल लगाए जाएंगे।



### पूरे गांव में बन रही पार्किंग

कथा सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्क करने में किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो, इसको सुनिश्चित करने के लिए हालेकोसा गांव में जगह-जगह पार्किंग बनाई जा रही है। बताया गया कि वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं को करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर ही कथा स्थल तक पहुंचना पड़ेगा। पुलिस विभाग से भी समन्वय कर आयोजन को लेकर रूट चार्ट तैयार किया जाएगा।

### तीन को पहुंचेगे पं.मिश्रा

चार जनवरी से शुरू होने जा रही शिवमहापुराण कथा से पहले तीन जनवरी को पंडित प्रदीप मिश्रा हालेकोसा ग्राम पहुंचने वाले हैं। उनके आगमन को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। बताया गया कि उनके ठहरने के लिए भी आयोजनकर्ता द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। वे रायपुर से सीधे सड़क मार्ग के जरिये राजनांदगांव होते हुए ग्राम होलकोसा पहुंचेंगे।

### दिनभर चलेगा भंडारा, सौ लोग बनाएंगे खाना

आयोजनकर्ता द्वारा कथा सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 4 से 10 जनवरी के मध्य दिनभर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि हजारों लोगों का खाना बनाने का जिम्मा सौ कर्मचारी संभालेंगे। वहीं कथा के दौरान सभी प्रकार की व्यवस्थाएं संभालने के लिए चार सौ लोगों को वालिंटियर बनाकर जिम्मेदारी दी जाएगी।

आयोजनकर्ता दिनेश साहू ने बताया कि शिवमहापुराण कथा को सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार के इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हालेकोसा के सभी ग्रामीणों की मदद से व्यवस्था बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शिवमहापुराण कथा को लेकर पंडित प्रदीप मिश्रा देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में प्रख्यात हैं। इससे पहले भी दो दफा इनकी कथा का आयोजन जिले में हो चुका है। अंतिम बार चार महीने पहले अगस्त में राजनांदगांव शहर के आडिटोरियम में आयोजन किया गया था। वहीं इन दिनों उनकी कथा प्रदेश की राजधानी रायपुर में चल रही है।

## खबर संक्षेप

### काव्य गोष्ठी आज

**राजनांदगांव।** छग साहित्य समिति के तत्वावधान में 25 दिसंबर को श्रीगणेश मंदिर मिथिलाधाम में प्रभु यीशु व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व महामना मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस पर अपराह्न 3.30 बजे काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया है। सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि समिति के संरक्षक अशोक चौधरी, शारदा तिवारी, सहकारिता राज्य सम्मान से अलंकृत कवि/ साहित्यकार शशिकांत द्विवेदी छग राजभाषा आयोग को जिला समन्वयक आत्माराम कोशा, दिग्विजय कॉलेज हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय की उपस्थिति में आयोजित उक्त काव्यायोजन में प्रासंगिक विषय पर परिचर्चा एवं काव्य-पाठ हेतु सभी कवि, रचनाकारों को उपस्थिति की अपील समिति के संरक्षक श्री चौधरी द्वारा की गई है।

### माय एंगल




## संभाग एवं चुनाव प्रभारी ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं से भी की मुलाकात

# मंडलों के बाद अब जिला अध्यक्ष की बारी
# चार घंटे तक चली वन-टू-वन रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब जिला अध्यक्ष को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव जिला भाजपा की कमान देने के लिए मंगलवार को वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस बैठक में नए जिलाध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई। बताया गया कि भाजपा के नए कप्तान के लिए करीबन आधा दर्जन दावेदार सामने आए हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा में संगठन को नए सिरे से बुनने के लिए सितंबर महीने से ही सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई थी। दो महीने तक सदस्यता अभियान चलने के बाद नए पदाधिकारियों को पद देने की शुरूआत बूथ अध्यक्षों से की गई। सभी बूथ में नए अध्यक्ष बनाए जाने के बाद मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी की गई। सोमवार को मंडल अध्यक्ष की सूची जारी होते ही अब भाजपा ने जिला अध्यक्ष चुनने की कवायद तेज कर दी है। बताया गया कि उम्र की सीमा को ध्यान में रखते हुए नेताओं की तलाश की जा रही है।




### प्रभारियों ने की रायशुमारी

इधर भाजपा जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर चुनाव प्रभारी एवं संगठन प्रभारी ने जिले के वरिष्ठ नेताओं सहित अन्य से रायशुमारी की। बताया गया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी एवं चुनाव प्रभारी भीम सेन अग्रवाल की उपस्थिति में बैठक शुरू हुई, जो देर शाम तक चलती रही। इस दौरान वन-टू-वन के अलावा समूहों में भी कार्यकर्ताओं ने अपनी बातें प्रभारियों तक पहुंचाई।

### जल्द होगी ताजपोशी

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को हुई बैठक के बाद अब जल्द ही नए जिला अध्यक्ष की ताजपोशी कर दी जाएगी। बताया गया कि दावेदारों के नामों का बंद लिफाफा लेकर प्रभारी राजधानी लौट गए हैं। राजधानी रायपुर में प्रदेश संगठन के नेताओं से चर्चा के बाद जिला अध्यक्ष को लेकर घोषणा कर दी जाएगी।

### इन नेताओं से लिया फीडबैक

जिला अध्यक्ष को लेकर प्रभारियों ने बैठक के दौरान जिला भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन में शामिल नेताओं, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, जिला एवं मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ नेताओं में सुरेश एच. लाल सहित अन्य से फीडबैक लिया। इस दौरान हालांकि प्रदेश संगठन के एक नेता ने कहा कि दावेदारों को अपनी दावेदारी पेश करने के लिए बोलने का मौका देना चाहिए।

**पैनल में इनके नाम :** भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के नए जिला अध्यक्ष के लिए आधा दर्जन नेताओं के नाम सामने आए हैं। नए नामों में सबसे प्रबल कोमल सिंह राजपूत का नाम बताया जा रहा है। इनके अलावा रविन्द्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, सौरभ कोठारी, आलोक श्रोती, सावन वर्मा, अशोक देवांगन एवं दीपक चौहान के नाम पैनल में है। हालांकि 60 वर्ष से कम उम्र के बंधन के चलते कई वरिष्ठ नेताओं का नंबर इस बार नहीं लग पा रहा है।

## शराब दुकान खोले जाने का विरोध

# पेंड्री में पनपा आक्रोश चक्काजाम का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पेंड्री रविदास वार्ड में शराब दुकान खोले जाने की प्रक्रिया को लेकर वार्ड के लोगों ने कड़ा विरोध जताते हुए बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शराब दुकान नहीं खोलने की मांग करते कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और मांग पूरी नहीं होने पर जन आंदोलन करते चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे शहर के पेंड्री वार्ड के लोगों ने यहां प्रस्तावित शराब दुकान के मामले में विरोध जताया है। वार्ड के लोगों ने कहा है कि कई बार ज्ञापन देने के बाद भी शराब दुकान नहीं खोलने को लेकर कोई ठोस आश्वासन उन्हें नहीं मिला है।

### पीएम कार्यालय को भेजेंगे पत्र

वार्ड के मनीष झा ने बताया कि पेंड्री वार्ड में शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर वार्डवासियों द्वारा कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, आईजी कार्यालय, विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अब प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र के माध्यम से शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर अपनी मांग करेंगे।

### कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने नारेबाजी

शराब दुकान खोले जाने की प्रक्रिया से आक्रोशित पेंड्री वार्ड के लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शराब दुकान का विरोध करते जमकर नारेबाजी की और शासन-प्रशासन से प्रस्तावित शराब दुकान को इस वार्ड में निरस्त करने की मांग की है।

# पुलिस भर्ती में नंबर बढ़ाने दिए रुपए, महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार

## आधा दर्जन संदेहियों से पूछताछ जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरक्षक भर्ती में मिली गड़बड़ी के बाद लगातार आरोपियों के खिलाफ एक्शन जारी है। पुलिस कर्मियों एवं डाटा एंट्री कंपनी के कर्मचारियों के बाद अब जिन अभ्यर्थियों ने लाभ के लिए पैसे दिए थे, उनके खिलाफ भी एक्शन शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को ऐसे ही एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में करीब आधा दर्जन और संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आरक्षक भर्ती मामले में प्रार्थी के लिखित आवेदन पर थाना लालबाग में एफआईआर दर्ज की गई है। आरक्षक मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने के मामले में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4),338, 336(3), 340(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इसी मामले में जारी जांच के दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मैसेज एवं गवाहों के बयान पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर पूर्व में 6 लोगों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। मामले में विवेचना के दौरान धारा 61(2), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई। विवेचना के दौरान अभ्यर्थी मीना पात्रे से पूछताछ करने पर दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### परिचित के जरिये की सांठगांठ

आरोपी से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि 14 दिसंबर को सुबह आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपनी परिचित पुलिस स्टॉफ को अनुचित तरीके से इवेंट में आर्थिक लुभावना देने वाले अभ्यर्थी आरोपी मीना पात्रे के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से अभ्यर्थी आरोपिया मीना पात्रे पिता अलीराम 32 वर्ष निवासी कुशाल बांधा पंडरिया जिला कबीरधाम को मंगलवार के दिन विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### एसआईटी का भी गठन

इस मामले में राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक कुमार झा द्वारा समुचित जांच के लिए एसआईटी का गठन कर लिया गया है। टीम में देवचरण पटेल मोहला-मानपुर जिला एएसपी के नेतृत्व में अखिलेश कौशिक एसडीओपी बोड़ला जिला कबीरधाम, निरीक्षक अश्विनी राठौर थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी, सउनि द्वारिका प्रसाद लाऊत्रे सायबर सेल जिला राजनांदगांव कुल चार अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित किया गया है।

### सात के खिलाफ कार्रवाई

इस मामले में पुलिस महकमे ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर ली है। अब तक इस मामले में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी दुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश धुर्वे और परिधी निषाद के खिलाफ एक्शन लेने के बाद अब मंगलवार को अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार छह और संदेही से पूछताछ की जा रही है। जिनको भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

# महिला पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महिला पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 दिसंबर को सुबह सूचना प्राप्त हुआ कि जिला अस्पताल कर्मचारी क्वार्टर में एक आदमी ने अपने प्रेमिका को हत्या करने की नियत से चाकू मार दिया है। पुलिस के अनुसार लहुलुहान पीड़िता को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कर पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी राकेश पटेल के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 109 बीएनएसएस दर्ज कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा संज्ञान लेते आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की गई। आरोपी की पता तलाश कर घटना के 12 घंटे के भीतर आरोपी राकेश पटेल को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आरक्षक मोहसिन खान, आरक्षक सुनील ठाकुर, महिला आरक्षक ललिता सिदार एवं आरक्षक जामिन्द्र कुमार वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

## अटल परिसर वर्चुअल शिलान्यास आज

**राजनांदगांव।** अटल परिसर निर्माण योजनांतर्गत प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण प्रस्तावित है। निकायों में अटल परिसर निर्माण के लिए कल 25 दिसंबर को अटल जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया जाएगा। अटल परिसर निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा वर्धमान नगर जीई रोड उद्यान के पास आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में सीधा प्रसारण होगा।

नगर निगम के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अटल परिसर का निर्माण किया जाना है। अटल परिसर निर्माण के लिए शासन मापदंड अनुसार स्थल चयन कर जीई रोड वर्धमान नगर मनराज होंडा के पास निर्मित उद्यान में निर्माण किया जाएगा। दोपहर 2 बजे आयोजित कार्यक्रम में शहरवासियो से उपस्थिति की अपील की है।

# क्रिसमस पर आज चर्च में प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस पर्व को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा होगी एवं प्रभु यीशु के संदेश को बताया जाएगा। कल 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां ईसाई समुदाय के लोगों ने की है। पर्व को लेकर बाजार में जमकर खरीदी भी की गई।

साज-सजावट के सामान, क्रिसमस ट्री सहित केक की मांग लोगों के बीच बनी रही। क्रिसमस पर्व को लेकर जिले के चर्चों में विशेष साज-सजावट की गई है। कल सुबह के समय चर्च में विशेष प्रार्थना की जाएगी एवं प्रभु यीशु के संदेशों को बताया जाएगा। वहीं घर-घर में भी प्रार्थना कर प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया जाएगा। साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ज्ञात हो कि पर्व के परिपेक्ष्य में गत दिवस शहर में भव्य रैली निकाली गई थी। जिसमें प्रभु यीशु मसीह से संबंधित झांकी रखी गई थी।



### शहर में निकली रैली

ज्ञात हो कि पूर्व में पर्व के उपर्लक्ष्य में शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली गई थी जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति बनी हुई थी।

## भारत रत्न डा. अम्बेडकर के सम्मान में निकला मार्च

# शाह के बयान पर भड़के कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। वहीं कांग्रेसजनों ने बाबा साहब अम्बेडकर के सम्मान में सम्मान मार्च निकाला गया।

केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर को लेकर किए गए टिप्पणी के मामले में विरोध प्रकट करते बाबा साहब अम्बेडकर के सम्मान में कांग्रेसजनों द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक से कलेक्टोरेट कार्यालय तक सम्मान यात्रा निकाली गई। कांग्रेस कमेटी द्वारा इस मुद्दे को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है। वहीं गृहमंत्री से माफी मांगने और इस्तीफा की मांग की जा रही है।



### बाबा साहब की तस्वीर लेकर किया पैदल मार्च

बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर हाथ में लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय तक कांग्रेस द्वारा सम्मान मार्च निकालते कांग्रेसजनों ने केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं राष्ट्रपति से उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारू, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, शहर कांग्रेस महामंत्री, नीरज कन्नौजे, अमित चंद्रवंशी, सूर्यकांत जैन, सिद्धार्थ डोंगरे, रोशनी सिन्हा, चंद्रकला देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्मान में निकाली गई इस यात्रा के दौरान कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं बाबा साहब अम्बेडकर अमर रहे के नारे लगाते केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### बाबा साहब के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी

कांग्रेस की इस यात्रा को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ गृहमंत्री ने गलत टिप्पणी की है। इन्हें पद से हटाने के लिए हमने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी का चाल-चरित्र और चेहरा सामने आया है।

## खबर संक्षेप

### बिजली व प्राकृतिक उर्जा का सीमित उपयोग करें

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर एवं प्रो डॉ. एनके लहरे ने बिजली की बचत, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए। संचालन शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम का संयोजन चांदनी पराते, डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजूसिंह ने किया था। इस मौके पर पौधरोपण किया गया। निबंध स्पर्धा में प्रथम खुशबू देवांगन, द्वितीय आकांक्षा वैष्णव एवं तृतीय स्थान रेणुका निर्मलकर ने प्राप्त किया। इस मौके पर हरवंश चौरगे, हेमशंकर साहू, ओमप्रकाश सहारे, हनि ठक्कर, लीना साहू, हिमानी साहू उपस्थित थे। अंत में डॉ. संजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




### सुखरी में मितानिनों का सम्मान

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत सुखरी में कार्यक्रम आयोजित कर मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। भारत माता की पूजन अर्चन के बाद सरपंच सुरेन्द्र गोस्वामी ने मितानिन दीदियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात विकासखंड समन्वयक नीलिमा सिन्हा ने मितानिन कार्यक्रम की जानकारी दी। सरपंच श्री गोस्वामी ने श्रीफल और उपहार देकर मितानिनों का सम्मान किया। इस अवसर पर हुमीन साहू, माया गोस्वामी, मीना साहू, गोमती साहू, बिसरी देवदास, नीलिमा सिन्हा, जानकी निषाद, उप सरपंच किरण साहू, सचिव भुवालगिर गोस्वामी, बेतलराम साहू, भुनेश्वरी साहू, रेवतीबाई धनकर, टामिन साहू एवं गोविंद सोरी उपस्थित थे।



### एलबी नगर मंडल के अध्यक्ष बने मनोज

**लाल बहादुर नगर।** सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित भाजपा की बैठक में शामिल होने पहुंचे जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी ने लिफाफा खोलकर मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा किया। लालबहादुर नगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे और मुसरा-मुरमुंदा में लक्ष्मीनारायण वर्मा को बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्त्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। इस दौरान बोधीराम साहू, गिरवर साहू, रामाधीन देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, बिसेसर वर्मा, किरण साहू, वर्षा गेड़ाम, प्रशांत कोड़ापे, वेदराम ताम्रकार, राजेंद्र तिवारी, देवेन्द्र साहू, भोजराज वर्मा, देवेन्द्र यादव, राजकुमार ताम्रकार, रोशन साहू, रामाधार ओझा, कोमल साहू, अवध साहू, जसबीर चौहान, हेमलाल वर्मा, संदीप गेड़ाम, पीताम्बर सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने किया जागरूक

**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला चिचदो के बच्चों के हमर हरियर भुइँया अभियान के तहत रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिक्षिका कोनिका सोनी के मार्गदर्शन में बच्चों ने बैगलेस डे के मौके पर शनिवार को नो प्लास्टिक यूज को लेकर स्लोगन और नारे के साथ रैली निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। गांव के चौक चौराहे में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान दुकानों में कपड़े की थैली बांटा गया। शिक्षिका श्रीमती सोनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम में 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। पौधों की देखरेख के लिए समिति बनाई गई है।




### किसानों को दिया उपयोगी जानकारी

**कलकसा।** ग्राम पंचायत करवारी में धान के बदले अन्य फसल लगाने, वर्मी कंपोस्ट की उपयोगिता, जैविक खेती, वेस्ट डी कंपोजर घोल की उपयोगिता, आत्मा निर्भर महिला समूह आदि की जानकारी किसान संगोष्ठी आयोजित कर दिया गया। राज्य सरकार के एक साल पूरे होने पर आयोजित संगोष्ठी में कृषि विस्तार अधिकारी एचएस रावत के मार्गदर्शन में एचके चंदेश्वर, सुनील शर्मा, संजय बोपचे, आत्मा योजना के बीटीएम हरीशचन्द्र देवहारी, नवीन साहू, किसान संगवारी मनोहर गेडाम, मुरली, उद्यान विभाग के सुरेश वर्मा, गजेंद्र कंवर, महेंद्र रामटेके अन्य बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।



### स्पर्धा में थैलीटोला स्कूल प्रथम



**कुमरदा।** चिरचारीकला संकुल अंतर्गत आने वाले ग्राम थैलीटोला में गत दिनों दो दिवसीय संकुल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 10 शालाओं के लगभग 400 बच्चों ने हिस्सा लिया। अंको के आधार पर प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला थैलीटोला, द्वितीय प्राथमिक शाला हर्राटोला ने प्राप्त किया। इसी प्रकार माध्यमिक वर्ग में प्रथम माध्यमिक शाला चिरचारीकला एवं द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला केशाल ने प्राप्त किया। समापन जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू के आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, खेलन देवांगन, प्रेमचंद भुआर्य आदि मौजूद थे। संचालन एकलव्य साहू ने किया।

## निधन



### भागवती साहू

**बांधाबाजार।** निकटवर्ती ग्राम गुण्डरदेही निवासी भागवतीबाई साहू का 85 वर्ष की उम्र में 24 दिसंबर को निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गुंडरदेही में किया गया।



### दिलीप सिन्हा

**डोंगरगढ़।** माटेकटा निवासी शिक्षक दिलीप सिन्हा का 24 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। दिलीप बहुत मिलनसार व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार माटेकटा के मुक्तिधाम में किया गया। सामाजिक एवं ग्रामीणों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## कार्यकर्ताओं की नाराजगी क्या गुल खिलाएगी?

# लिफाफा खुलते ही मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विवाद के बीच मंडल भाजपा के प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने जसमीत सिंग बन्नोआना को नया अध्यक्ष घोषित किया। नाम की घोषणा होने के पूर्व जमकर हंगामा और विवाद के बाद प्रभारियों ने जिला संगठन को भेजे गए नामों के आधार पर प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय को सर्वमान्य बताते हुए सभी से एकजुटता के साथ काम करने कहा।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण मंडल में अनिल सिन्हा को बिना किसी विवाद के अध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिन्हा पूर्व में ग्रामीण मंडल के महामंत्री रह चुके है। वह कार्यकर्ताओं की पसंद थे। उनके नाम की घोषणा होने से खुशी का माहौल देखा गया जबकि इसके विपरीत शहर के विरोधी कार्यकर्ता श्री बन्नोआना के अध्यक्ष बनने के बाद बिना बधाई दिए बैठक से उठकर चले गए। घोषणा होने के बाद श्री बन्नोआना के समर्थकों ने बैठक स्थल एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर घूम घूमकर आतिशबाजी किया।



### उपेक्षा से भड़का साहू समाज



**डोंगरगढ़।** मंडल अध्यक्ष के चयन में उपेक्षा होने से साहू समाज में गहरी नाराजगी देखने मिल रहा है। सामाजिक जनों का कहना है कि काबिलियत के बजाए परिवारवाद को महत्व देते हुए साहू समाज की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने जिले में सिख समाज के दो को मंडल अध्यक्ष बनाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बाहुल्यता के बाद भी ओबीसी वर्ग को महत्व नहीं दिया गया है। सामाजिकजनों का कहना है कि पिछले 20 सालो से जैन, मारवाड़ी और सिख समाज से ही अध्यक्ष बनाया जा रहा है। वहीं ओबीसी वर्ग को कभी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं सौंपा गया। उन्होंने कहना है कि बहुल्यता को दरकिनार करने से निकाय चुनाव में भाजपा को खामियाजा भुगतान पडेगा। डोंगरगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने सोशल मीडिया में खुलेआम चुनौती देते हुए आने वाले चुनाव में भाजपा को नुकसान होने का दावा किया है।

## विद्यार्थियों को दी उच्च शिक्षा की जानकारी



एलबी नगर। कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान संयोजक प्रो मनोहर बोकडे, सदस्य अरुण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी रूपरेखा अनुसार अभियान चला रहे हैं। गत दिनों उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला तथा लाल बहादुर नगर में अभियान के तहत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम, महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम से अवगत कराया। रामाटोला में सुश्री नागवंशी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रायोगिक लैब , कंप्यूटर लैब , ग्रंथालय तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। राजेश चक्रधारी ने छात्र-छात्राओं को विषय चयन उपरांत कैरियर के बारे में बताया। छात्रा पूजा देवांगन ने संसाधनों तथा रासेयो परिचित कराया। हेमप्रकाश, लता यादव, उमेश रजक आदि ने छात्र -छात्राओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बीपीएल, पोस्ट मैट्रिक, एनपीएस, नैनीहाल, दिव्यांगजन, मैरिट बेस छात्रवृत्ति आदि की जानकारी सूर्यकांत वर्मा ने दी। दल ने छात्र छात्राओं एवं प्राचार्य केआर चंद्रवंशी से अभियान का फीड बैक लिया। अंत में अरुण साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अभियान में प्रो बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड, नम्रता परीक्षा, कविता यदु आदि सहयोग दे रहे हैं।

## मन की शांति के लिए रोज करें ध्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में शनिवार को विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि योगेश सोनकर थे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में ध्यान पर केंद्रित महत्वपूर्ण जानकारी दिया। उन्होंने बताया ध्यान केवल जीवन जीने की कला ही नहीं बल्कि वह आंतरिक शांति एवं मानसिक संतुलन प्रदान करता है। मन को शांत और स्थिर रखता है। ध्यान से सोचने और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। यह स्वास्थ्य को उत्तम रखता है। सभी को प्रतिदिन ध्यान करना चाहिए। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा ध्यान से मन एकाग्र होता है और मन में पवित्र विचार आते हैं।

इस अवसर पर देव्यानी, वेणुका, मणि, मनीषा, गितेश, मुरली साहू, चंद्रप्रकाश, गोवर्धन, शिव कुमार, गुलाब, योगेश, उमाशंकर, आकाश, खिलेश, मोहित, किशन, प्राध्यापक डॉ एनके लहरे, अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू, हरवश चौरगे, सौम्या देवांगन, चांदनी पराते, हनी ठक्कर, लीना साहू, हिमानी साहू, सरोजनी वर्मा, डॉ संजूसिंग, डॉ. काव्या जैन आदि मौजूद थे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

## हल नहीं हो रही पेयजल समस्या

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार के तालाब मोहल्ला में पेय एवं निस्तारी की समस्या दूर नहीं हो रही है। लंबे समय से वार्ड चार एवं पांच के लोग पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। जानकारी अनुसार गांव में नल-जल योजना संचालित है परन्तु तकनीकी कारणों से लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। कही पहुंच भी रहा है तो अपर्याप्त होता है। इस मोहल्ला के लोग दो हैंडपंप के सहारे गुजारा कर रहे हैं। सुबह एवं शाम को हैंडपंप से पानी भरने लोगों की कतार लगी रहती है। वार्डवासियों ने बताया कि जैसे तैसे पीने के पानी की व्यवस्था हो जाती है किन्तु मवेशी एवं अन्य कार्यों के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण पंचायत, जनपद को अपनी परेशानी से अवगत करा चुके हैं किन्तु समस्या जस के तस बनी है।



## उत्सव में युवाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- युवा उत्सव में विविध प्रस्तुतियां

खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र राजनंदगांव के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। बीते शनिवार को पीएम श्री नवोदय विद्यालय में आयोजित युवा उत्सव का समापन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, विजयराज सिंह चौहान, उप प्राचार्य एसके मंडल, ए एक्का, नितिन शर्मा शामिल हुए।

स्वागत के बाद विधायक श्रीमती बघेल ने युवा उत्सव को संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि लोक गीत, लोक नृत्य से युवाओं को जोड़ना आवश्यक है क्योंकि इससे ही पहचान बनती है। युवा उत्सव में डोंगरगढ़, राजनांदगांव, छुरिया एवं डोंगरगांव ब्लाक के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लोक नृत्य में प्रथम जितेंद्र आदि राजनांदगांव, द्वितीय हुकुमचंद आदि डोंगरगढ़, लोक गीत में प्रथम हयात अतर आदि राजनांदगांव, द्वितीय भुवनेश्वर पटेल आदि डोंगरगढ़, व्यक्तिगत लोक नृत्य में प्रथम ओंकार पटेल आदि डोंगरगढ़, द्वितीय हसीना आदि डोंगरगांव, व्यक्तिगत लोक गीत में प्रथम एकलव्य साहू आदि राजनांदगांव, द्वितीय सानिया धुर्वे आदि डोंगरगढ़, कहानी लेखन में प्रथम रूपाली साहू राजनांदगांव, वक्तृत्व कला में प्रथम नावेश साहू राजनांदगांव, द्वितीय खिलेश्वर छुरिया, चित्रकला में प्रथम युक्ति सोनवानी, द्वितीय खुशी कांकरिया, कविता में प्रथम नावेश साहू, द्वितीय लोमन मानिकपुरी, विज्ञान मेला व्यक्तिगत में प्रथम दुर्गेश वर्मा, द्वितीय साकेत साहू, हस्तशिल्प में प्रथम योगेश तारम, द्वितीय स्थान राधिका हलदर ने हासिल किया। इस मौके पर अनिल पाल, उमा धुर्वे, विनोद हथेल, शैलेंद्र तिवारी, खुमान साव, रोशन वर्मा, राणा अजय सिंह, बाबूराव जनबंधु, देवेंद्र अंबादे सहित अन्य मौजूद थे। निर्णायक संजू नागदेव, सुदेश यादव, हर्षबाला जांभुलकर, शांति विश्वकर्मा, पंचशील सहारे, अनुराधा राव, राजकुमारी जैन, अभिषेक शुक्ला, सुनीता चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, तपन साहू, तेजस्वी वर्मा, गोविंद, लोकेश थे।




## शिक्षा को बनाए विकास का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी

ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला ने शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर थे। अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष रघुवीर सेवता ने किया। विशेष अतिथि मदन नेताम, शेरसिंह गोंड़िया, रमेश उइके, राजेश्वर ध्रुर्वे, दिनेश कुरेटी, मयाराम मंडलोई, प्रमिला उइके, बिसाखा मंडावी, मोहन कोमरे, मनभावन उइके, मनराखन श्याम, हौसीलाल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। पश्चात शोभायात्रा निकाला गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने कहा कि गोंड़वाना का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। आदिवासी समाज के अनेक क्रांतिकारियों ने देश एवं समाज हित में अपना बलिदान दिया। बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जो जनजाति समाज के लिए गौरव की बात है। श्री ठाकुर ने लोगों से व्यसनों से दूर रहने तथा शिक्षा को अपने विकास का हथियार बनाने का आव्हान किया। इस मौके पर मदन नेताम, शेरसिंह गोंड़िया, रमेश उइके, राजेश्वर ध्रुर्वे, प्रमिला उइके, मोहन कोमरे, मनभावन उइके एवं उद्धव अरकरा ने संबोधित किया। स्वागत भाषण रघुवीर सेवता, संचालन एवं आभार प्रदर्शन दिनेश कुरेटी एवं उद्धव अरकरा ने किया। स्कूली छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। रात्रि में नवा किरण नाच पार्टी भंडारपुर का कार्यक्रम हुआ।



## मनाया जयंती

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत विचारपुर चारभाठा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं पंथी प्रतियोगिता में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शिरकत किया।



हरिभूमि **पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में
**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8319268069, 9425565082**




## खेती का काम बंद कर लोगों ने मनायी जयंती



**घुमका।** ग्राम में गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। जयंती मनाने के लिए ग्रामीणों ने कृषि कार्य बंद रखा था। सतनामी समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने जैतखाम में ध्वजारोहण किया। लोगों ने गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। इस मौके पर भागवताचार्य गणपत दुबे, पूर्व विधायक श्री बघेल, सरपंच फूलमती वर्मा ने बाबा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सत्य के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। इस दौरान अचानकपुर के दल ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन कमल बंजारे एवं आभार प्रदर्शन कैलाशचंद्र बघेल ने किया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी शामिल हुई। इस मौके पर दिलीप पटेल, रतन यादव, इंद्रपाल सिंह, जय कुमार वर्मा, बहल वर्मा, कमल दुबे, बांकेलाल श्रीवास, प्रहलाद यादव्र टुमलाल वर्मा, बाबूलाल वर्मा, जीवेन्द्र दुबे, महरा पाटिला मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### घासीदास जयंती मनी

**डोंगरगढ़।** बछेराभाटा स्थित डॉ. आंबेडकर आदिवासी आश्रम शाला में गुरु घासीदास बाबा की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ब्लॉक सतनामी समाज के अध्यक्ष पंचराम चंदेल, परसराम राय, राकेश महिलांगे, भजनू चंदेल, आत्माराम जोशी, उर्मिला जोशी, जागेश्वरी साहू, उत्तरा कुर्रे आदि उपस्थित थे। शाला संचालिका नलिनी मेश्राम ने छात्रों को गुरु घासीदास की जीवनी एवं उनके संघर्षों के बारे में बताया।

### आरोपी से अंग्रेजी शराब जब्त

**डोंगरगढ़।** आबकारी विभाग की टीम ने धुसेरा में 23 दिसंबर को 2.88 बल्क लीटर 16 पौवा जम्मू व्हिस्की शराब आरोपी किशन राव के पास से बरामद किया। इस कार्रवाई में उज्जवल कुमार, भोजराज बंजारे, खेमचंद मंडवी, अश्वनी शुक्ला, रोहित टेम्बुरकर शामिल थे।

### विद्यार्थियों ने देखा प्रज्ञागिरि एवं चंद्रगिरि



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने पाठ्यक्रम आधारित गतिविधि अंतर्गत प्रज्ञागिरि एवं चंद्रगिरि का शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं कला संकाय प्रभारी डॉ. आशा चौधरी, डॉ. येशुक्रिती हजारे के नेतृत्व में किया। डॉ. हजारे ने छात्र-छात्राओं को सिद्ध साहित्य से अवगत कराते हुए बताया कि यह साहित्य बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा के प्रचार हेतु रचा गया था। उन्होंने बताया कि जैन साहित्य का प्रभाव 8 वी से 13वीं सदी तक गुजरात, राजस्थान, काठियावाड़ क्षेत्र में रहा। इस साहित्य में सदाचार, शिष्टाचार, लौकिक प्रेमानुराग और अन्य लौकिक विषयों का प्रभाव दिखाई देता है। छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक सौंदर्य और कलाकृति का आकलन करते हुए बुद्ध को नमन किया। शैक्षणिक भ्रमण में आसमीन साहू, निशा शर्मा, नीलम यादव, नीलम वर्मा, पार्वती चंद्रवंशी, विद्या साहू, प्रतिमा, काजल वर्मा, तामेश्वरी, मधु विकास मेश्राम, करण मेश्राम, मोहित वर्मा, मुरली कुमार, अरूण कुमार, सौरभ साकरे, विजय सिन्हा, जीतेन्द्र कुमार, जीतेश, अलिशा, भोजराम, चांदनी कंवर, चांदनी जंघेल, छोटी, कविता साहू, मोना सेन, प्रेमलाल, प्रियंका वर्मा, रोशन लाउत्रे, शेखर साहू आदि शामिल हुए।

### जयंती पर निकली शोभायात्रा



**एलबी नगर।** गुरुवार को रामाटोला में शोभायात्रा और पंथी नृत्य के साथ सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू घासीदास की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहूख जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह एवं महेश शामिल हुए। जयंती के मौके पर रात्रि में चौका आरती एवं भजन कीर्तन किया गया। यह जानकारी सतनामी समाज के प्रमुख विष्णु लाल डहरे ने दिया।

### सामाजिक समरसता यात्रा आज

**सड़क अतरिया।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा समाजिक समरसता अभियान के तहत बुधवार 25 दिसम्बर को नर्मदा से समाजिक समरसता यात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। यह यात्रा नर्मदा के मंदिर परिसर से सुबह 11 बजे प्रारंभ होकर छुईखदान के लिए निकलेगी। यात्रा का उद्देश्य समाजिक छुआछुत एवं जाति भेद को दर किनार कर हिन्दूओं में समरसता लाना है। यात्रा में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सभी हिन्दू धर्म प्रेमियों को यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### भाजपा नेताओं ने मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान

# भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव, एक दर्जन से ऊपर दावेदार तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के आठ मंडलों में से सात मंडलों में अध्यक्षों की ताजपोशी बाद अब जिला भाजपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा में गहमागहमी बढ़ गई है। जिला भाजपा कार्यालय में सातो मंडल अध्यक्षों का भाजपा नेताओं ने स्वागत सम्मान किया जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी चंदूलाल साहू व संगठन प्रभारी राकेश यादव ने संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से उनका विचार जाना और कार्यकर्ताओ से रायशुमारी कर कौन बेहतर होगा इसका फीड बैक लिया।

इससे पहले सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, नपं अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की मौजूदगी में वर्तमान जिला अध्यक्ष घम्मन साहू सहित गंडई, छुईखदान सहित खैरागढ़ के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के एक दर्जन भाजपा नेताओं ने दावेदारी रखी हालांकि पार्टी की ओर से जिला अध्यक्ष के लिए निर्धारित उम्र सीमा 45 वर्ष से 60 साल करने के कारण 45 से कम और 60 से अधिक उम्र के पदाधिकारियों को स्वाभाविक रूप से दौड़ से बाहर होना पड़ा। छुईखदान जनपद के पूर्व अध्यक्ष खम्मन ताम्रकार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रेम नारायण चंद्राकर, टिकरापारा पार्षद चंद्रशेखर यादव, खैरागढ़ जनपद के पूर्व अध्यक्ष टिलेश्वर साहू, पूर्व पार्षद प्रीति यादव, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. बिसेसर साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे, जिला महामंत्री रामाधार रजक, छुईखदान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, जिला प्रवक्ता अनिल अग्रवाल, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक पुष्पेंद्र देवांगन ने सार्वजनिक रूप से अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की है।



#### कड़े मापदंड ने उलझाया

जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर संगठन के दिशा निर्देशों और मापदंडों के चलते वर्तमान जिलाध्यक्ष घम्मन साहू का रिपीट होने की कम संभावना है, लेकिन रायशुमारी के दौरान ज्यादातर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिपं उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने की मंशा जाहिर की है हालाकि विक्रांत सिंह ने दावेदारी नही की है इसके बावजूद उनके नाम पर प्रदेश संगठन स्तर पर विचार होने की संभावना कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया है।

#### पैनल जाएगा प्रदेश कार्यालय

रायशुमारी से पहले ही निर्वाचन अधिकारी चंदूलाल साहू ने स्पष्ट कर दिया कि 3 या 5 नामों का पैनल बनाकर रायपुर में सौंप दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार जहां से नामों को दिल्ली भेजा जाएगा। राकेश यादव ने जिलाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया से अवगत कराया। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि संगठन की परंपरा का निर्वहन हो यह सभी कार्यकर्ताओं की जवाबदारी है। पार्टी में सभी को उनकी क्षमता अनुसार काम मिलता है और हमें उस कार्य को पूरी जवाबदारी के साथ पूर्ण करना होता है।

## नगर में खुलेआम बिक रहा मांस मटन, कार्रवाई नहीं

- बदबू और गंदगी से लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत क्षेत्र में नियम को दरकिनार कर विभिन्न अवैध व्यवसाय किया जा रहा है। सड़कों के किनारे एवं मंदिरों के आस पास खुले मांस मटन का विक्रय किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार मांस मटन के विक्रय के लिए कुछ वर्षों पहले वार्ड 8 के दशहरा मैदान के पीछे मटन मार्केट बनाया गया था। कुछ वर्षों तक यहां यह व्यवसाय होते रहा किन्तु दो सालों से मांस मटन का व्यवसाय नियत स्थान के अलावा नगर के विभिन्न मार्गों सहित मंदिर के आसपास शुरू हो गया जिसके कारण सात्विक लोगों को नांक मुंह बंद कर गुजरना पड़ता है। खुले में चल रहे मांस मटन के व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से इससे जुड़े व्यवसायियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। देखा देखी में अन्य लोग भी शहर के विभिन्न स्थानों पर मांस मटन बेचने लगे हैं जिससे गंदगी और बदबू बढ़ रही है।

#### होती है परेशानी

व्यापारी इद्रीश खान ने बताया कि गंदगी और बदबू से काफी परेशानी होती है। ग्राहकों को भी दिक्कत होने लगी है। गंदगी और बदबू के बीच व्यापार करना मुश्किल होते जा रहा है।

#### कार्रवाई किया गया

सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के बाजू में खुले में मांस मटन बेचने की शिकायत मिलने पर संधित को समझाइश देकर हटवाया गया है।

### एथलेटिक्स में हिस्सा लेने तन्मय रवाना

**गंडई पंडरिया।** शासकीय ई. राघवेंन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में गत दिनों राज्य स्तरीय एथलेटिक्स महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय के अनिल साहू, तन्मय पौशार्य,उत्तम निर्मलकर, श्रृद्धा साहू और मनीषा मेरावी ने हिस्सा लिया। तन्मय पौशार्य लम्बीकूद में श्रेष्ट प्रदर्शन कर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। यह स्पर्धा यूनिवर्सिटी मुनेश्वर उडीसा में आयोजित है। तन्मय को प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे, प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य ने बधाई दिया है।

## कांग्रेस का संडे मिशन, वार्डों में पहुंचकर ले रहे जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीस वार्डों वाले नगर पालिका परिषद में भाजपा और कांग्रेस दोनों से दस दस पार्षद जीतकर आए जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद निर्णय पर्ची निकाल कर किया गया जिसमें कांग्रेस के शैलेन्द्र वर्मा अध्यक्ष और अब्दुल रज्जाक खान उपाध्यक्ष बने।

इसके बाद भाजपा ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अध्यक्ष के साथ-साथ पार्टी पर आरसीसी कुर्सियां और जिम सामग्री खरीदी में लाखों-करोड़ों रुपये की सरकारी राशि के दुरुपयोग के साथ साथ भ्रष्टाचार के दर्जनो गंभीर आरोप लगाए, लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा और दो अन्य पार्षद भाजपा में शामिल हो गए जिसके कारण संख्या बल की अधिकता के चलते अध्यक्ष की कुर्सी भाजपा को मिली और अमलीपारा पार्षद गिरिजा चंद्राकर अध्यक्ष बनी। अध्यक्ष बदलने के बाद से ही भाजपा ने इन सभी भ्रष्टाचार के मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दिया, लेकिन अब कांग्रेस इन मुद्दों को दुबारा उठा रही है।

संडे मिशन तहत विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के नेतृत्व में कांग्रेसी लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर स्थानीय समस्याओं को उजागर कर रहे है।



#### भाजपा बनी वाशिंग मशीन

कांग्रेस ने बहुचर्चित जिम सामग्री घोटाले की जांच के लिए राजा लाल बहादुर सिंह क्लब का भी दौरा किया। वहां जिम शाला बंद मिली और अंदर गंदगी और कबाड़ का अंबार दिखा। 37 लाख रुपयों की जिम सामग्री खरीदी के बावजूद वहां सिर्फ पुराना और खराब सामान मौजूद है। कांग्रेस ने तत्कालीन नपा अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जब शैलेन्द्र वर्मा कांग्रेस में थे तब भाजपा उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते नही थकती थी, लेकिन अब भाजपा में शामिल होने से भ्रष्टाचार के सारे आरोप से मुक्त हो गए है। मनराखन देवांगन ने कहा कि भ्रष्ट नेता साय सरकार की वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल कर खुद को बचा रहे है। कमीशनखोरी मे व्यसत भाजपा नेता नपा को खोखला करने पर आमदा है। नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा कि नपा का जिम बंद होने से नगर के युवा मजबूरी में सेहत दुरूस्त रखने प्राइवेट जिम में मोटी रकम चुका रहे है। 37 लाख का बिना सामान आए भुगतान करने पर तत्कालीन सीएमओ को शासन ने निलंबित कर दिया लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष के ऊपर कारवाई करने से सरकार बच रही है। बहरहाल आरोप प्रत्यारोप के इस सियासी खेल में सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

#### कांग्रेस खुद कर रही उजागर

कांग्रेस अपने शासनकाल के घोटालों को अब खुद उजागर कर रही है। ये सारे भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन है। - **गिरजा चंद्राकर** अध्यक्ष नपा परिषद

#### दो साल से मिनी गार्डन में लटका है ताला

गोकुल नगर टिकरापारा वार्ड 19 का निरीक्षण किया जहां करीब दो साल पहले 5 लाख की लागत से बना बच्चों के मिनी गार्डन में अभी तक ताला लगा हुआ है। बच्चों को खेलने कूदने, झूला झूलने गार्डन जाने दीवार फांदनी पड़ता है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। गार्डन में लाइट लगी है, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं हुआ है। देखरेख के अभाव में गार्डन में खरपतवार उग आई है। मनराखन देवांगन ने सीएमओ को स्थिति से अवगत कराया जिसके बाद मौके पर आरआई मनोज शुक्ला व टोडर सिंह पहुंचे जिन्हें कांग्रेसियों ने मौका निरीक्षण कराया और तीन दिन में मिनी गार्डन को बच्चों के उपयोग लायक तैयार करने कहा। इस दौरान डॉ अरुण भारद्वाज, पूर्व नपं उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, सूर्यकांत यादव, रतन सिंग्गी, महेश यादव, रविंद्र सिंह गहरवार, संत निषाद, यतेन्द्रजीत सिंह, शेखर दास वैष्णव, रामानंद यादव, छोटू यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### खेल और शिक्षा व्यक्तित्व विकास में सहायक : साहू



**राजनांदगांव।** अं. चौकी विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। ऐसे आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। कार्यक्रम में राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, राजू सिन्हा, उदयराम साहू, बेनीराम साहू, हुनम चंद्रवंशी, दुवारिका सहारे, हमराय साहू, मालन साहू, आत्माराम साहू, थनवार सिंह, कुंवर सिंह, सतरूपा चंद्रवंशी, सीमा तारम, भैयाराम कुंजाम समेत शिक्षकगण, स्कूली बच्चे व ग्रामीणजन शामिल थे।

## टीएल बैठक, सुशासन दिवस मनाने अधिकारियों को मिला दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर शासन की मंशानुरूप सुशासन दिवस मनाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह अन्तर्गत 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन सहित सप्ताह भर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो के संबंध मे जानकारी ली।

विभिन्न विभागीय योजनाओं के उपलब्धियों की समीक्षा साथ उन्होंने आगामी 28 दिसम्बर को होने वाली त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रवर्गवार व महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के लिए आबंटन-आरक्षण की प्रक्रिया में निष्पक्ष रूप से कार्य करने कहा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अब तक की जा चुकी खरीदी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि धान उठाव कार्य में तेजी लाने की जरुरत है ताकि खरीदी में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। छोटे उपार्जन केंद्रों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने कहा इसके अलावा मौसम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, ड्रेनेज, स्टेकिंग सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त रखने कहा ताकि मौसम खराब होने पर धान को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने फसल बीमा योजना की जानकारी लेते हुए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की। इसके अलावा कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जनसमस्याओं, जनशिकायतों व मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर पात्रता रखने वाले सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने और जनसामान्य से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेकर तत्काल निराकृत करने कहा। इस दौरान एडीएम प्रेमकुमार पटेल, सुरेंद्र सिंह राजपूत सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## अभिनंदन गेलेक्सी कालोनी में हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अमृतमयी पेयजल किसी भी जगह के खुशहाल के लिए सर्वप्रथम आवश्यकता होती है। पेयजल सुचारू रूप से सभी घरों में निर्बाध गति से पहुंचे, इसके लिए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार व स्थानीय नगर निगम सतत प्रयास कर रही है।

शहर की अभिनंदन गेलेक्सी कालोनी में अध्यक्ष पीयूष बैद व पदाधिकारियों के अथक प्रयास से नगर निगम की पेयजल आपूर्ति प्रणाली को स्थापित करने इंजीनियर व ठेकेदार की उपस्थिति में विधि-विधान से भूमिपूजन कार्य संपन्न हुआ। कालोनाईजर नरेश बैद, पारस ओस्तवाल की उपस्थिति में धरती को नारियल, मिष्ठान व गंगाजल अर्पित कर एक साथ हस्त स्पर्श के बाद कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया गया। अध्यक्ष पीयूष बैद व पदाधिकारियों ने अभिनंदन गेलेक्सी परिवार को बधाई देते पेयजल प्रणाली के सफलतापूर्वक स्थापना पश्चात निर्बाध पेयजल आपूर्ति की कामना की है। अभिनंदन गेलेक्सी कालोनी में नगर निगम के पेयजल आपूर्ति प्रणाली के शुरूआत कार्य पाईप लाईन हेतु भूमिपूजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर हेमा देशमुख, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधियों व शुभचिंतकों का अभिनंदन गेलेक्सी परिवार आभार प्रकट करती है। पेयजल आपूर्ति प्रणाली स्थापना प्रारंभ करने के लिए भूमिपूजन अवसर पर राकेश बोहरा, पंकज पारख, ललित नखत, आलोक शर्मा, मोंटू पारख, मलय कोटड़िया, जैनम बैद, सुनील बैद, जैनेंद्र लुनिया, शिवम अग्रवाल, राजा शाह, योगेश गुप्ता, बादल साहू, सतीश गोलछा आदि की उपस्थिति रही।



### विकासखंड स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन

# महतारी वंदन योजना की लाभार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

महिला एवं बाल विकास विभाग ने ग्राम पंचायत मुसरा कला में विकासखंड स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी नारायण वर्मा थे। अध्यक्षता सरपंच कमल निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत के बाद स्वास्थ्य, विद्युत, पशुधन सेवा, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के प्रतिनिधियों ने योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।



#### लाभार्थी महिलाओं का सम्मान

इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर किशोरी बालिकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर फूलों की आकर्षक रंगोली बनाया था। इस मौके पर महतारी वंदन योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों का भी सम्मान किया गया।

#### महिलाओं ने अनुभव किया साझा

सम्मेलन में मां भवानी समूह, शिवपुरी जय बूढ़ादेव समिति डिंगोकॉल आदि को व्यवसाय स्थापना और उसे आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ महिला कोष से ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किया। इस मौके पर महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और रास्ता खींच प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मुसराकला के छोटेलाल विश्वकर्मा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस दौरान मृदुभाषिनी उईके, कमल किशोर साहू, इंद्राणी निर्मलकर, सुमी देवांगन, सुभद्रा राने, अहिल्या तुलावी, संतोषी राजपूत, स्वाति बोरकर, रिंकी कुर्रे, लक्ष्मी सोनकर आदि मौजूद थे। संचालन मोनिका सुकतेल एवं आभार प्रदर्शन सरोजा अयंगार ने किया।

### जिपं सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष-सदस्यों का आरक्षण 29 को, पंच सरपंच का 28 को होगा

**खैरागढ़।** कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को लेकर आरक्षण प्रक्रिया के संबंध मे आम सूचना जारी कर दी है। जिसके अनुसार छग पंचायत राज अधिनियम 1993, छग पंचायत (उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 और छग पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य पदों के साथ साथ महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालय के पुराना कोर्ट बिल्डिंग राजा फतेह सिंह खेल मैदान में ग्राम पंचायत के सरपंच/पंच पदों के प्रवर्गवार और महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कटंगी में 23- 24 दिसंबर की रात्रि को जंगल के करीब स्थित खेत में लगे आम के पेड़ पर गमछा के सहारे ग्राम के हेमंत पटेल आ गोरेलाल पटेल ने आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक हेमंत पटेल खाना खाने के बाद 23 दिसम्बर की रात्रि 9 बजे घूमने निकला था। मृतक के परिजन यह सोचते हुए सो गए कि लड़का घूम फिर कर वापस आकर सो जाएगा। परिजन 24 दिसम्बर को जब काम करने अपने खेत गए तो तब उनके पैरों के नीचे जमीन खिसक गई जब उन्होंने आम पेड़ पर फांसी में झूलते हुए हेमंत को देखा। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम गंडई भेजा। पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक हेमंत पटेल अविवाहित था।

## सार समाचार

### एसपी इलेवन, मॉर्निंग इलेवन व बोरिंग इलेवन ने किया अगले दौर में प्रवेश



**राजनांदगांव।** काका फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष 7-ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को तीसरे दिन 3 मैच खेला गया। पहला मैच एसपी इलेवन विरुद्ध आरकेसी राजनांदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें एसपी इलेवन ने 2-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच मॉर्निंग इलेवन विरुद्ध कॉलेज बॉयज के मध्य खेला गया। जिसमें मॉर्निंग इलेवन ने 3-0 से जीत हासिल की। अंतिम और तीसरा मैच बोरिंग इलेवन विरुद्ध बलौदाबाजार के मध्य खेला गया। जिसमें बोरिंग इलेवन ने 3-1 से जीत हासिल की।

**25 को खेला जाएगा 5 मैच-** पहला मैच रायपुर विरुद्ध साइंस कॉलेज, दूसरा मैच तुमसर इलेवन विरुद्ध एसपी इलेवन, तीसरा मैच डीडी तुमसर विरुद्ध रेंगकठेरा, चौथा मैच कवर्धा विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन तथा पांचवा मैच परपौड़ी विरुद्ध री यूनाइटेड के मध्य खेला जाएगा।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुनर्प्राण प्रतिष्ठा



**राजनांदगांव।** नव साज-सज्जा व नए कलेवर से युक्त गायत्री शक्तिपीठ में बीते दिनों वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेद माता गायत्री, मां सावित्री व कुंडलिनी शक्ति की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मीजनों ने इदं नमम् स्वाहा ध्वनि के साथ यज्ञाहूति प्रदान की। इस दौरान पूरा माहौल वैदिक मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। उक्त मंदिर के पुनर्निर्माण होने उपरांत शक्तिपीठ द्वारा 4 दिवसीय भव्य आयोजन कर वेदमाता गायत्री प्रतिमाओं की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की गई। उक्ताशय की जानकारी ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

### अहिंसा कप का फाइनल आज

**राजनांदगांव।** जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित अहिंसा कप का आज फाइनल मुकाबला खेल जाएगा। शहर के सभी समाज को जोड़ने की मंशा से कराए जा रहे इस प्रतियोगिता का आज चैम्पियन मिल जाएगा। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में शहर की जैन, माहेश्वरी, ब्राह्मण, सिंधी, गुजराती, सिख समाज सहित की टीम शामिल हुई है ।शहर के सनसिटी अनन्तम में आठ टीम के मध्य 23 से 25 दिसंबर के मध्य अहिंसा कप के मुकाबले खेले गए। इससे पहले 16 से 22 दिसंबर के मध्य जैन समाज का टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में आशीष एनेक्स की टीम विजेता एवं महावीर इंडियंस रनर अप रही थी। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि शहर के सभी समाज को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता बढ़ाने की मंशा से अहिंसा कप का आयोजन कराया जा रहा है।

### मरीजों को इलाज के लिए सीएम ने स्वीकृत की राशि



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कैंसर एवं अन्य गंभीर जानलेवा बीमारी से जूझ रहे राजनांदगांव जिले के दर्जनभर मरीजों को 35 लाख 24 हजार रुपए की राशि अस्पताल के खाते में भुगतान कर पीड़ित मरीजों के इलाज की व्यवस्था की गई है। सभी मरीजों ने पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से भेंट कर अपनी पीड़ा से अवगत कराते इलाज के लिए सरकारी मदद दिलाने की गुहार लगाई थी। निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले लमसम खर्च को वहन करने में असक्षम इन मरीजों के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर त्वरित पत्राचार करते पूर्व सांसद यादव द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया गया। इन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाने एवं इलाज हेतु तत्परता से चिकित्सकीय औपचारिकताएं पूर्ण करवाने में सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, समाजसेवी राजेन्द्र जैन का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# 12वें दिन मिली राहत, भूख हड़ताल के बाद खरीदा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भरीटोला में विगत 12 दिसंबर से बंद धान खरीदी बहाल करने की मांग को लेकर एक युवक ने गांधीवादी आंदोलन की राह पकड़ भूख हड़ताल पर बैठा हुआ था। उनका मांग था कि जल्द से जल्द किसानों से धान खरीद किया जाए, क्योंकि किसान आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं। किसानों के हित में तत्काल धान खरीदी शुरू होने तक भूख हड़ताल की चेतावनी के साथ युवक ने आंदोलन छेड़ दिया था।

ज्ञात हो कि मानपुर विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र औंधी, अरजगुबला, सीतागांव, खरदी एवं मुरारगुटा में भी धान उठाव नहीं होने के कारण 16 दिसंबर से धान खरीदी बंद था। जिससे किसान खासे परेशान थे। युवक के भूख हड़ताल में बैठने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में त्वरित धान उठाव की बात किया, पर उठाव नहीं हो पाया, भूख हड़ताल के 35 घंटे बाद प्रशासन एवं समिति ने बिना धान उठाव किए ही धान खरीदी शुरू कर दिया है। जिससे किसान अब अपना उपज बेच पा रहे हैं। मानपुर विकासखंड के खरदी सहकारी समिति को छोड़कर सभी खरीदी

### उठाव नहीं होने से 16 दिसंबर से बंद थी धान खरीदी



#### धान उठाव के अभाव में बंद थी खरीदी, पर अब तक नहीं हुआ उठाव

जिले के अधिकांश केंद्रों में धान खरीदी बंद है, क्योंकि मिलर डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव नहीं कर रहे है। साथ ही संग्रहण केंद्रों में भी जगह नहीं होने के कारण उठाव नगण्य है। ऐसी परिस्थिति में जिन खरीदी केंद्रों का संचालन छोटे जगहों पर हो रहा है, वहां धान खरीदी बंद है, परन्तु शासन और प्रशासन की तरफ से लगातार धान खरीदी शुरू है, की बयानबाजी किया जा रहा है।

#### आश्वासन पर खत्म हड़ताल

भूख हड़ताल में बैठे देवानंद कौशिक से क्षेत्र के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मुलाकात किया एवं तत्संबंध में कलेक्टर से चर्चा किया। लगातार धान खरीदी तथा उठाव के संबंध में कलेक्टर के सकारात्मक आश्वासन के बाद विधायक एवं किसानों ने भूख हड़ताल खत्म करवाया। प्रशासन की तरफ से मानपुर तहसीलदार दिलीप कुमार साहू ने जूस पीलाकर विधिवत भूख हड़ताल को तुड़वाया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, किसान रामरैय्या गांवरे, सरजूराम, नवीन तारम, नवल सिंह, जितेश चौड़िया, सुरेश जैनबंधु, खिलावन ढाले, दुर्गा करसालिया, लच्छू साबले, चाणक्य मेरिया, ऋषभ ठाकुर, सागर सिन्हा, रूपलाल सोरी, मदन भुआर्य, बीरबल घावड़े सहित किसान साथी उपस्थित रहे।

### गृहमंत्री अमित शाह के हाथों गैलेंट्री अवॉर्ड वीरता पदक से सम्मानित हुए रोहित

# नक्सल ऑपरेशन में अदम्य साहस के लिए मिला वीरता पदक पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रीटोला निवासी सशस्त्र सीमा बल के सिपाही, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो रोहित कुमार ठाकुर को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में आयोजित सशस्त्र सीमा बल के 61वीं वर्षगांठ के अवसर पर, मुठभेड़ में असाधारण कोटि के विशिष्ट सेवा हेतु गेलेंट्री अवॉर्ड वीरता पदक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीमा सशस्त्र बल के 61वीं वर्षगांठ पर देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्होंने अपने हाथों से एनएसजी कमांडो रोहित कुमार ठाकुर को वीरता पदक भेंटकर सम्मानित किया।

#### विशिष्ट सेवा के लिए मिलता है अवॉर्ड

भर्रीटोला में पूर्व जनपद सदस्य अनीता प्रताप सिंह ठाकुर के घर जन्में रोहित कुमार ठाकुर की शुरूआती पढ़ाई गांव के ही स्कूल में हुई, जहां से वे कक्षा 12वीं गणित संकाय तक पढ़ाई किए। पढ़ाई के दौरान ही देश सेवा में उनका पूर्ण रूचि रहा, जिसे कठिन परिश्रम कर उन्होंने 2015 में सीमा सशस्त्र बल ज्वाइन किया। प्रशिक्षण पश्चात पहला पदस्थापना बिहार के राजनगर में हुआ, जहां नेपाल सीमा में 2 वर्ष कर्तव्य निर्वहन किया। तत्पश्चात द्वितीय पदस्थापना के रूप में झारखंड के दुमका क्षेत्र में नक्सल ऑपरेशन दस्ता में शामिल हुए, जहां 3 वर्ष तक कर्तव्य निर्वहन कर ऑपरेशन टीम के साथ अदम्य साहस का परिचय देते अनेक दफा नक्सलियों के साथ फायर ऑफ एक्सचेंज में शामिल हुए। साथ ही एनकाउंटर भी किए। मुठभेड़ जैसे प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण कोटि के विशिष्ट कार्य को सम्मानित करने भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रोहित कुमार ठाकुर के वीरता को मान्यता देते वीरता पदक प्रदान किया है।



#### एनएसजी कमांडो के रूप में है पदस्थ

सीमा सशस्त्र बल में भर्ती जवान रोहित कुमार ठाकुर ने स्वयंमेव राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में कार्य करने इच्छा जताया एवं चयनित हुए तथा 3 महीने की कड़ी कमांडो प्रशिक्षण के बाद तृतीय पदस्थापना के रूप में 2022 से प्रतिनियुक्ति पर एनएसजी कमांडो के रूप में मानेसर गुड़गांव (हरियाणा) में वीआईपी शाखा में पदस्थ हैं। एनएसजी कमांडो बनने कड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, यह भारत का प्रमुख आतंकवाद विरोधी संगठन है, जिसे ब्लैक कैट के नाम से भी जाना जाता है। एनएसजी कमांडो रोहित कुमार ठाकुर की पत्नी श्रीमती यामिनी ठाकुर भी पति के राह कदमों पर चलते हुए देश सेवा में कार्यरत है, जो वर्तमान में मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) में सीमा सुरक्षा बल इकाई में कार्यरत है।

#### साहसिक सेवा कार्य के लिए अलंकरण

दीपक सिंह कमांडेंट 32 बीएन एसएसबी बेला मुजफ्फरपुर को खुफिया जानकारी से पता लगा कि मोस्ट वांटेड माओवादियों (पीएलजीए) राज एन उर्फ राम बाबू राम उर्फ प्रहार एनबीडब्लूजेडसी का सचिव एवं 10-15 अन्य सशस्त्र माओवादियों के नेतृत्व में बिहार के बगहा स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के घने जंगल में माओवादियों के शिविर मौजूद हैं। माओवादियों ने एसएसबी/पुलिस वाहनों को निशाना बनाने और उनसे हथियार छीनने तथा भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी वीओपी पर हमला करने की योजना बनाई थी। 10 जुलाई 2020 की सुबह एक अधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी के ऊपर आगे बढ़ने के दौरान नरपत सिंह के कमान में टीम-ए अप्रत्याशित रूप से एक आईआईडी विस्फोट का शिकार हो गई। जिसके बाद माओवादियों ने उन पर भीषण गोलीबारी भी की। त्वरित सूझबूझ और संयम का परिचय देते टीम-ए ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते माओवादियों पर गोलियों की बौछार कर दी। आईआईडी के विस्फोट ने उन्हें बहरा कर दिया और वहां रेत एवं छींटों के साथ काले धुएं का बादल सा बन गया। माओवादियों की भारी गोलीबारी का जवाब देने टीम-ए ने अत्यंत बहादुरी के साथ फायर एंड एडवांस रणनीति को अपनाया। जिससे मौके पर ही 4 माओवादियों को ढेर कर दिया एवं माओवादियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

### 26 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में बाबा रामदेव महाराज के जीवन वृतांत की अमृतमय कथा का संगीतमय एवं सु-मधुर भजनों के साथ तीन दिवसीय भव्य कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विश्व प्रसिद्ध जम्मा सम्राट डॉ. देवेन्द्र राठी द्वारा सु-मधुर भजनों एवं संगीत के साथ बाबा रामदेव महाराज के पर्चों का विस्तारपूर्वक गुणगान किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस 26 दिसम्बर को सुबह 9 बजे एक भव्य शोभायात्रा सिद्धपीठ बाबा रामदेव मंदिर से निकलकर महालक्ष्मी मंदिर मार्ग सदर बाजार, भारत माता चौक से गंज लाइन होते हुए बाबा रामदेव धाम उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालुओं एवं बाबा भक्तों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा की गरिमा बढ़ाए।

बाबा रामदेव महाराज की अमृतमय कथा का तीन दिवसीय आयोजन 26, 27 एवं 28 दिसंबर तक किया जाएगा। समय संध्या 7 बजे से बाबा धाम उदयाचल प्रांगण में किया जाएगा। उक्त जानकारी बाबा रामदेव भक्त एवं भजन गायक चंद्रेश जैन ने दी।




### भर्ती की जानकारी सीएम को न होना संभव नहीं



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा कि उच्च न्यायालय के भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी के साथ-साथ सरकार की भी पोल खुल गई है। छत्तीसगढ़ शासन की देशभर में बदनामी भी हुई है। एक्सटेंशन पर चल रहे प्रदेश के डीजीपी द्वारा अवर सचिव को पत्र लिखा गया। जिसमें पुलिस विभाग के कर्मियों के परिजनों को फिजिकल टेस्ट में विभिन्न बिंदुओं पर प्राथमिकता देने की बात कही गई, जो कि मान भी ली गई और नियमों को ताक पर रख चयन प्रक्रिया भी शुरू हो गई, किंतु मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को इसकी कोई जानकारी नहीं, यह किसी हाल में संभव नहीं है।

# चोरी के आरोपी पकड़ाए, आभूषण सहित सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चोरी के मामले में जांच पडताल कर रही पुलिस ने दो आरोपियों को पकडा। जिनसे चोरी के सामान बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 नवंबर को प्रार्थिया देवबती साहू 45 साल पता स्कूलपारा ग्राम खुर्सीटिकुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 दिसंबर को वह अपनी लड़की के साथ करीबन 12 बजे अं.चौकी का मंडई देखने अपने भाई के घर मेरेगांव गई थी।

अपने घर मकान के बेडरूम में रखे आलमारी में सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी रकम रखी थी। 5 नवंबर सुबह 6 गांव के व्यक्ति ने फोन कर बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है, तब अं.चौकी से वापस अपने घर ग्राम खुर्सीटिकुल आई और देखी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था।

कमरे में सामान बिखरा पड़ा था एवं आलमारी के लाकर को तोड़कर आलमारी में रखे सामान सोने की एक नग रानी हार वजनी करीबन 22.830 ग्राम, सोने की एक जोड़ी झुमका साथ में संकरी वजनी करीबन 17.250 ग्राम, सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, फुल्ली, पत्ती एवं चांदी की करधन वजनी करीबन 61 तोला, पायल वजनी करीबन 17 तोला एवं नगदी रकम 1500 रुपए जुमला कीमती 2,80,000 रुपए नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है।



#### आरोपियों पर कार्रवाई

दोनों आरोपीगण द्वारा 1 नग रानी हार एवं मांग पट्टी वजनी 2.510 एवं एक जोडी कान का झुमका, एक नग जुपिटर स्कूटी एवं एक मोटर साइकिल, एक टच स्क्रीन मोबाइल एवं एक की-पैड मोबाइल समसंग एवं अपने पास रखे नगदी रकम 600 रुपए कुल जुमला कीमती 3,83,100 रुपए को दानों आरोपी से बरामद कर जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार साहू 46 वर्ष निवासी जेवरा सिरसा एवं कोमल साहू 22 वर्ष निवासी उरला को गिरफ्तार किया गया है। माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### घेराबंदी कर पकडे

विवेचना के दौरान 23 दिसंबर को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि दो व्यक्ति काले रंग के स्वेटर पहने हुए हैं और ग्राम अर्जुनी के समर्थ ज्वेलर्स के आसपास अपने पास रखे ज्वेलरी समान को बेचने हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम अरूण कुमार साहू और कोमल साहू निवासी दुर्ग भिलाई का होना बताए, जिसे कडाई से पूछताछ करने पर डोंगरगांव चौकी रोड पर स्थित ग्राम खुर्सीटिकुल के रोड किनारे स्थित सूने मकान का ताला तोडकर सोना-चांदी एवं पैसा को चोरी करना बताए। जिसका मौके पर दोनों आरोपीगण का मेमोरण्डम कथन लिया गया।




# पीएमजीएसवाई को 25 साल पूरे, 400 करोड़ रुपए की लागत से 320 सड़कों का निर्माण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन कलेवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यपालन अभियंता पद्मसंभव मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्थापना 25 दिसम्बर 2000 को हुई थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25 वर्षों में राजनांदगांव जिला अंतर्गत 396 करोड़ 74 लाख 97 हजार रुपए की लागत से 1165.93 किलोमीटर के कुल 320 सड़कों का निर्माण किया गया है।




इसके साथ ही 3 करोड़ 37 लाख 75 हजार रुपए की लागत से एक वृहद पुल निर्माण किया गया है। जिससे 418 बसाहटें लाभान्वित हुई है। उन्होंने बताया कि एडीबी बैच-2 में सहसपुरदल्ली से भटगांव लंबाई 10.30 किलोमीटर का निर्माण कार्य 15 जून 2008 को पूर्ण कराया गया। सड़क निर्माण के 10 वर्ष उपरांत अधिक यातायात घनत्व वाली सड़कों के मजबूतीकरण एवं विस्तारीकरण कार्य हेतु वर्ष 2019-20 में पीएमजीएसवाय-3 के तहत मजबूतीकरण एवं विस्तारीकरण के तहत सड़क में चौड़ीकरण कार्य कराकर 5.50 मीटर चौड़ाई में सड़क निर्माण कार्य कराया गया। सड़क निर्माण से ग्राम भैंसातरा, कलेवा, कुंवारझोरकी और भटगांव के ग्रामीण लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 फेस में सड़कों का निर्माण कराया गया है। फेस-4 में 100 तक की आबादी वाली आदिवासी बसाहटों को जोडऩे के संबंध में जानकारी दी गई।

#### खेत की मिट्टी नहीं डालने की अपील

कार्यपालन अभियंता पद्मसंभव मिश्रा ने ग्रामीणों को सड़क की सुरक्षा के लिए शोल्डर में खेत की मिट्टी नहीं डालने, नाली की सफाई करवाने, सड़क के ऊपर केज्विल नहीं चलाने की अपील की। जिससे सड़क क्षतिग्रस्त नहीं होगा और ग्रामीणों को सुलभ आवागमन उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में ग्रामवासियों से सड़क निर्माण से मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

#### मुख्यालय से जुड़े गांव

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क बनने से विकासखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय तक पहुंच आसान हो गई है। बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त हो रही है। कार्यक्रम में पीएमजीएसवाय के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों ने हासिल की स्वर्ण पदक

**हरिभूमि कवर्धा।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल 14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 19 से 22 दिसंबर तक




संपन्ना हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी से चंद्रेश सिंह कोर्राम एवं बालिका टीम में संध्या कौशिक का चयन हुआ था, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगाने में अहम भूमिका निभाया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन दोनों खिलाड़ियों का चयन बिलासपुर में ही आयोजित हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन द्वारा रजत पदक लगाया गया था, जिनमें इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट था। जिससे इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया था वही छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम ने अपने लीग, क्वाटर फाइनल और सेमीफाइनल के सारे मैच को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां इनका सामना दिल्ली से हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के बालक टीम ने दिल्ली को 04-02 और बालिका टीम ने दिल्ली को 06-04 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के दो खिलाड़ियों द्वारा स्वर्ण पदक लगाने के उपलक्ष्य पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल कवर्धा, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, अशोका पब्लिक स्कूल चेयरमैन पवन देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई साथ ही साथ उनकी उज्वल भविष्य की मनोकामना की।

### गन्ने के पत्ते को कटर मशीन में काटकर मवेशी के लिए चारा बनाने में जुटे किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय के ग्राम नाऊडीह में ग्रामीण किसान मवेशी मालिक द्वारा गाय बैल व भैंस की पालन पोषण के लिए ग्राम नाऊडीह निवासी चितराम वर्मा द्वारा गन्ने के हरेदार अवशेष को चारे काटने वाले मशीन (कटर) में काटकर मवेशियों को खिलाने पौष्टिक आहार हरा चारा व गौ-माता की सेवा में जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार गाय एक उपयोगी पालतू पशु है जिसे घरों-घर पालन पोषण हिंदू धर्म में किया जाता है, गाय को पवित्र माना जाता है गाय की गोबर से घरो की लिपाई-पोताई किया जाता है जिससे घर की शुद्धिकरण हो जाते हैं और हवन यज्ञ में गाय की गोबर अति उत्तम होता है और पवित्र होता है। गाय की दूध पीने से मनुष्य की शरीर मजबूत और सेहतमंद तथा ताकतवर होता है, प्रतिदिन दूध पीने से मनुष्य की शरीर में नई शक्ति नई ऊर्जा आती है और बुद्धि का विकास होता है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान गाय-बैल व भैंस की पालन पोषण व गन्ना फसल की हरे पत्ते को कटर मशीन से काटकर चारा बनाने में जुटे हुए है।

### प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक तथा हाई स्कूल पर्थरा के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण 2024-25 में मां नर्मदा कुंड स्नान कर अमरकंटक संपूर्ण मंदिर दर्शन पश्चात नर्मदा नदी, जोहिला, पिंगला नदी का उद्गम स्थल, माई की बगिया, सोनभद्र सोन नदी, जैन मंदिर दर्शन, जलेश्वर महादेव, 11 फिट ऊंचाई का विश्व प्रसिद्ध 51 टन का अखिलेश्वर महादेव जहां द्वादश शिवलिंगदर्शन इंगला, पिंगला, नदी उद्गम स्थल, कपिल धारा, दूध धारा कपिल धारा के अंदर 100मीटर चट्टान पहाड़ पत्थर के अंदर किला में मां नमर्दा गुफा, ऋषि आश्रम, कल्याण, श्रृंगेरी आश्रम, नर्मदा परिक्रमा का बनता हुआ लक्ष्मण झूला दानेश्वर सिंह परिहार शाला प्रबंध समिति शिक्षा विद्, भ्रमण समिति संरक्षक रोशन सिंह परिहार सरंपच संरक्षण, विपनेश श्रीनेत एसएमटी उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश यादव व पालकगण तथा प्रधान पाठक रामरतन शर्मा, चंद्रमौली शर्मा, रामसिंह साहू शिक्षक सीएसी, प्रतापसिंह मंडलोई शिक्षक, श्रीमती दुखिया ध्रुव रसोईया, डोमेन यादव, गाइड कुमेश चौहान स्कूल का सेवक प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल, कॉलेज के युवा, 60 छात्र-छात्राएं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

### ग्रीष्मकालीन धान फसल की तैयारी में जुटे किसान



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रीष्मकालीन धान फसल की तैयारी में ग्रामीण किसान जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसानों द्वारा अपनी-अपनी खेतों में धान फसल की कटाई-मिसाई तथा धान खरीदी केन्द्र में धान फसल को बेचने के बाद अब क्षेत्र के किसान पुनः ग्रीष्मकालीन धान फसल की तैयारी में जोर शोर से जुट गए है। क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी, डबराभाट, बरबसपुर, जेवडन खुर्द व सारंगपुर खुर्द सहित आसपास के ग्रामीण किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की फसल गर्मी की फसल की पैदावार व ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों को समतलीकरण किया जा रहा है।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## लोकार्पण: 65 लाख की लागत से हुआ सिंगनल वीर स्तम्भ चौक का कायाकल्प

# उपमुख्यमंत्री ने वीर स्तम्भ चौक में वीर शहीदों की प्रतिमा व सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर के हृदय स्थल वीर स्तम्भ चौक में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीर शहीदों की प्रतिमा एवं सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। उनके अथक प्रयासों से इस चौक का कायाकल्प हुआ है और इसे भव्य एवं आकर्षक रूप दिया गया है। इस परियोजना में 65 लाख रुपए की लागत आई है, जो शहर की सुंदरता को एक नई दिशा देगी। तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे ना रहे यह स्लोगन आज कवर्धा के लोगों के दिलों में गूंज रहा है। इस उद्घाटन के साथ ही वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया और उनकी वीरता को सलाम किया गया। इस दौरान पर सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेंद्र सलूजा, नितेश अग्रवाल, कैलाश चंद्रवंशी, जसविन्दर बग्गा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद उमंग पांडेय, सुनील साहू, प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल सहित सीनियर सिटीजन, सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### वीर शहीदों की प्रतिमाएं

वीर शहीद चौक में अब शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, उधम सिंह और अशफाक उल्ला खान की जीवंत प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन महापुरुषों की प्रतिमाएं न केवल उनके योगदान को याद करती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरित भी करेंगी। चौक के बीच में बने अमर जवान शहीद स्मारक में शहीद जवानों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक शहरवासियों को उन शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी जान देश की रक्षा के लिए अर्पित कर दी।



### चौक में 75 फीट ऊंचा तिरंगा, शहीदों की शहादत को श्रद्धांजलि और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक

कवर्धा के वीर शहीद चौक में 75 फीट ऊंचा तिरंगा फहरा रहा है, जो न केवल शहीदों के बलिदान को याद करता है, बल्कि राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का भी सशक्त प्रतीक बन गया है। यह तिरंगा शहीदों की शहादत को सम्मानित करने के साथ-साथ कवर्धा की आन-बान-शान का प्रतीक बन चुका है। तिरंगे के फहराने से क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है, जो शहरवासियों और पर्यटकों के लिए एक गौरवपूर्ण दृश्य प्रस्तुत करता है। यह तिरंगा न केवल कवर्धा शहर में देशप्रेम का माहौल बना रहा है, बल्कि यह हमेशा शहीदों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता रहेगा।

### वीर शहीद चौक समर्पण के अद्वितीय उदाहरणों से प्रेरित होगा

वीर शहीद चौक का उद्घाटन और इसके सौंदर्यीकरण का कार्य कवर्धा शहर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि है, बल्कि कवर्धा के लोगों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी है। आने वाले समय में इस चौक से शहर के युवा वीरता, त्याग और समर्पण के अद्वितीय उदाहरणों से प्रेरित होंगे।

### कवर्धा में सौंदर्यीकरण का सिलसिला जारी

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में शहर के चौक-चौराहों के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया का हिस्सा है। उनके प्रयासों से कवर्धा में सौंदर्यीकरण और विकास का कार्य लगातार जारी है। इस कार्य से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ रही है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी गर्व महसूस हो रहा है। इस सौंदर्यीकरण का उद्देश्य कवर्धा शहर को एक नया रूप देना और यहां के लोगों को अपने ऐतिहासिक शहीदों के बारे में प्रेरणा प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना के माध्यम से शहरवासियों को शहीदों की वीरता और बलिदान को न केवल याद रखने का मौका मिलेगा, बल्कि इससे युवाओं को एक सकारात्मक दिशा मिलेगी।

## महतारी वंदन सम्मेलन में शामिल हुईं विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के सफल एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन का एक वर्ष छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के भव्य सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई, इस सम्मान कार्यक्रम में योजना से लाभान्वित महिलाएं एवं क्षेत्रवासी अपनी विधायक को छत्तीसगढ़ शासन की इस विस्तृत और लाभकारी योजना के लिए शासन को आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं के लिए विशेष रूप से जनहितकारी बनाए जाने हेतु कार्यक्रम स्थल पर अनेक प्रकार के स्टाल्स लगाकर लोगों को इससे लाभान्वित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी के 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए आधार बनाने और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्टाल लगाए गए थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को लाभ दिया गया, कार्यक्रम में केंद्र सरकार के महिला हितकारी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा छत्तीसगढ़ शासन की नोनी सुरक्षा योजना के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की खाता सम्बन्धी समस्या को हल किए जाने एवं 10 वर्ष की बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में नामांकन के लिए पोस्ट ऑफिस कुण्डा द्वारा भी स्टाल लगाया गया।

वहीं इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए इस हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आगंतुक महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, फुग्गा फोड़ जैसी अनेक मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव से द्वारा भेजी गई चिट्ठी विष्णु की पाती भी वितरित की गई एवं फ्लेक्स के रूप में भी प्रदर्शित की गई।

### राज्य सरकार के योजनाओं की दी जानकारी

विधायक श्रीमती बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के महिला हितकारी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राज्य शासन द्वारा संचालित नोनी सुरक्षा योजना, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के स्वरोजगार के लिए छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने के लिए मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों का संचालन, बच्चों के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान रखने के लिए व महिलाओं में एनीमिया प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत की दर से कम करने के लिए पोषण अभियान, आगामी महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नव-विवाहिताओं के लिए 50 हजार के प्रावधान, सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं को मिलने वाले लाभ आदि जैसी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## विधायक की अगुवाई में मण्डल अध्यक्षों ने स्वास्थ्य मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अगवाई में 7 मण्डल के नव-नियुक्त मण्डल अध्यक्षों ने स्वास्थ्य मंत्री से सौजन्य मुलाकात की। छत्तीसगढ़ राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सोमवार को जिले में आयोजित डडसेना समाज द्वारा युवा-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने आगमन हुआ।

वहीं कार्यक्रम के समापन पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल का विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निज निवास में विधायक के अगवाई में विधानसभा पंडरिया अंतर्गत कुण्डा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी सहित सातों मण्डल के अध्यक्षों पंडरिया मण्डल अध्यक्ष रविश सिंह ठाकुर, पाण्डातराई मण्डल अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, कुकुदर मण्डल अध्यक्ष बसंत बाटिया, दुल्लापुर मण्डल अध्यक्ष फलित साहू, रणवीरपुर मण्डल अध्यक्ष नरेश साहू, इंदौरी मण्डल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने सौजन्य मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर मंत्री का स्वागत किया।

वही मंत्री ने मण्डल अध्यक्षों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही साथ विधायक भावना बोहरा ने स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रमुख विषयों पर सार्थक चर्चा की एवं डबल इंजन सरकार में विधानसभा क्षेत्र में हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के संबंध में जानकारी साझा किया एवं भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए आपातकालीन सेवा हेतु 8 निःशुल्क एंबुलेंस सेवा तथा स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल हेल्थ पैथ लैब सुविधा उपलब्ध के बारे में अवगत कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## युवा कांग्रेस सीएम हाउस घेरने पहुंचे रायपुर

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ में लगातार बढ़ते अपराध, नशे का बढ़ता व्यापार, बढ़ती महंगी बिजली दरें, किसानों, युवाओं व महिलाओं के साथ अत्याचार, छात्रों से झूठे वादे व जनमानस से जुड़ी अनेकों समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास घेराव करने छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, छत्तीसगढ़ प्रभारी शेषनारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी सोनू जसमीत शर्मा, विधानसभा प्रभारी पवन तिवारी, कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा के मार्गदर्शन एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कवर्धा टीम बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, रेंगाखार जंगल ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु सिंह नेताम, युवा कांग्रेस कवर्धा शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर साथियों के साथ रायपुर मुख्यमंत्री निवास घेराव करने के लिए पहुंचे। युवा कांग्रेस समन्वयक अश्वनी वर्मा व युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि किसानों के साथ धोखा हो रहा धान की 31 सौ एक मुश्त की बात कही थी वह भी झूठा साबित हुआ। धान खरीदी केंद्र धान का उठाव नही होने से अधिकतर खरीदी केन्द्र बंद करना पड़ रहा है, डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से धान खरीदी में फैल हो गई। आज युवा साथियों के सपनों पर पानी फिर गया पुलिस भर्ती में फर्जीवाडा हो रहा है, कमीशन का नया दौर शुरु हो गया पुलिस भर्ती में आत्महत्या कर सुसाइड नोट में पुलिस विभाग और सरकार की पोल-खोल कर रख दिया। भाजपा राज में अपराध कई गुना बढ़ गया, कानून व्यवस्था चरमरा गई है, लोगो का विश्वास शासन-प्रशासन से उठता जा रहा है, अपराध और कानून व्यवस्था के मामले मे छत्तीसगढ़ भारत की राजधानी और अपराध का गढ़ बन चुका है, वहीं प्रदेश में चोरी डकैती, लूट पाट, हत्या बलात्कारी खुले आम हो रहा है, कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है, इस सरकार में खुले आम जुआ-सट्टा व गांव गांव में शराब बिकने काम हो रहा है। ये सब काले कारनामे बंद किया जाएं वहीं घेराव कर किसानों और युवाओं सहित गरीब, मजदूर, महिला, छात्र की बात रखते हुए उनकी लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## स/लोहारा में वर्चुअल भूमि पूजन कार्यक्रम आज




हरिभूमि न्यूज ⏭ स/ लोहारा

सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में बुधवार को अटल जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अटल परिषर का वर्चुअल माध्यम से अटल परिषर का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह वर्चुअल भूमि पूजन कार्यक्रम 25 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे नया बस स्टैण्ड सहसपुर लोहारा में किया जाएगा।

उक्त जानकारी नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा दी गई। उन्होने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## गुरुकुल में विजय शर्मा के जीवन पर आधारित एकांकी का सफल मंचन



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के सुप्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जीवन संघर्ष पर आधारित हिन्दी एकांकी का सफल मंचन किया गया। इस एकांकी का लेखन एवं निर्देशन हिन्दी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही शिवांश द्वारा किया गया, इसमें कक्षा 9वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों ने अपने शानदार अभिनय से जीवंत कर दिया। दर्शक दीर्घा से बारंबार करतल ध्वनि सुनाई देती रही। सुजय, अंशु, विश्वास, राजवीर, मयंक, वेदांत, रुचि तथा सुरभि ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। अपने उद्बोधन में श्री शर्मा ने भी अपने जीवन संघर्ष पर आधारित इस एकांकी की प्रशंसा की। लेखक डॉ विजय कुमार शाही को व्यक्तिगत रुप से बधाई देते हुए साहित्य सेवा करते रहने की शुभकामना दी। इस विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा निदेशक गण ने डॉ शाही की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोहगांव में रूद्र महायज्ञ, भागवत कथा 31 से

**मोहगांव।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मोहगांव सोनपुरी में समस्त ग्रामवासियों द्वारा भव्य 11 दिवसीय श्री पंच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं सरस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा व नवधा रामायण का आयोजन 32 दिसम्बर से 10 जनवरी तक किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन में यज्ञाचार्य के रूप में पंडित मोहन दुबे काशी उत्तर प्रदेश, महायज्ञ आयोजक पंडित जग कुमार शास्त्री तथा कथा वाचक के रूप में भोलेश्वर महाराज उपस्थित रहेंगे और प्रति दिन श्रोताओं को भागवत कथा का श्रवणपान कराएंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 31 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। वहीं 31 दिसम्बर से 10 जनवरी तक चलते वाले इस धार्मिक अनुष्ठान के बीच 7 जनवरी को पंडित शिव कुमार तिवारी द्वारा भव्य लोक गायन कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिला कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर आगामी नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के दृष्टिगत जिला कार्यालय कबीरधाम में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाएगा। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर जारी किया गया है, जिसे राजनीतिक दलों, जन प्रतिनिधियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के लिए निर्वाचन से जुड़ी शंकाओं और सवालों के समाधान के लिए उपलब्ध रखा गया है। इस कक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी आगामी आदेश तक लगाई गई है, ताकि किसी भी समय आवश्यक जानकारी और समर्थन प्रदान किया जा सके। कन्ट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को जिला निर्वाचन कक्ष में सहायक अधीक्षक के पास अपनी उपस्थिति देने के लिए कहा गया है

# अब लगानी होगी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट, 19 मार्च के बाद चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

इस संबंध में परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट लगाने के लिए अधिकृत वेंडर को निर्धारित दरों पर प्लेट लगाने का आदेश दिया है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि वाहन स्वामी अब छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर सीधे एचएसआरपी प्लेट का ऑर्डर कर सकते हैं, जिसे वेंडर द्वारा वाहन में लगाया जाएगा। यह प्लेट 19 मार्च 2025 तक लगवाना अनिवार्य है, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम/नियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन के लिए कुल 365.80 रूपए, तीन पहिया वाहन के लिए कुल 427.16 रूपए, चार पहिया वाहन के लिए कुल 656.08 रूपए और भारी मालवाहन के लिए कुल 705.64 रूपए मूल्य सारणी निधारित किया गया है।

### कैसे करें ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेचिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर और फ्यूल ऑप्शन भरें। इसके बाद, निजी या कॉमर्शियल विकल्प का चयन करें। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त होगा, जिसका उपयोग कर भुगतान करें। भुगतान के बाद, एक रिसीप्ट प्राप्त होगी और एचएसआरपी नंबर प्लेट तैयार होने पर मोबाइल पर सूचना मिलेगी। फिर, स्वामी अपने निकटतम अधिकृत डीलर से प्लेट लगवा सकते हैं।




### डिजिटल भुगतान और अतिरिक्त शुल्क

सभी भुगतान केवल डिजिटल मोड के माध्यम से किए जाएंगे। इसके अलावा, ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगाने पर प्रति इंस्टॉलेशन 100 अतिरिक्त चार्ज लिया जाएगा। घर तक प्लेट पहुंचाने के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। सभी वाहन स्वामियों से आग्रह है कि वे 19 मार्च 2025 से पहले एचएसआरपी प्लेट अवश्य लगवाएं, ताकि किसी भी प्रकार की जुर्माने से बचा जा सके।

**आयोजन:** कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमित शाह द्वारा संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गई तथा कथित अपमान जनक टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कवर्धा नगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में मार्च निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बड़ी संख्या में जिलेभर से आए कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए। जहां से कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने हांथों में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की फोटो लेकर मार्च निकाला और सीधे अम्बेडकर चौक पहुंचे जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भरी संसद में संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विरूद्ध अपमान जनक टिप्पणी कर उनका अपमान किया है। उन्होने कहा कि श्री शाह को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए तथा अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। श्री साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेता इस तरह के बयान सोची समझी रणनीति के तहत जानबूझ कर देते हैं और लोगों को एक दूसरे से लड़ाने तथा एक दूसरे के प्रति नफरत पैदा करने के लिए करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को देश के राष्ट्रपति के नाम सौंपा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालजी चन्द्रवंशी, होरीराम साहू, नीलकंठ चन्द्रवंशी, ईश्वर शरण, चोवाराम साहू, रामचरण पटेल, नीलकंठ साहू, महेन्द्र कुंभकार, नवीन जायसवाल, गोपाल चन्द्रवंशी, सीमा अगम अनंत, नारायणी टोण्ड्रे, वीरेन्द्र जांगड़े, पंचू कोसरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे।।

**लगातार उठाया जा रहा है मुद्दा**



यहां बताना लाजिमी होगा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के संबंध में की गई टिप्पणी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार आक्रामक दिखाई दे रही है। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है और अब श्री शाह की टिप्पणी का विरोध कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पैदल मार्च कर किया है। माना जा रहा है कि कांग्रेस इस मुद्दे को आसानी छोड़ने वाली नहीं है।

# कोलेगांव बस्ती से गुजरने वाली सड़क का हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कहने को तो मौजूदा भाजपा की सरकार और उसके नुमाईदे त्रि-स्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव के इस समर में नगरीय निकायों से लेकर पंचायत स्तर पर धड़ाधड़ विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं और इन विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण भी किया जा रहा है। लेकिन जहां तक जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव की बात की जाए तो यहां की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम ये है कि यहां बीच बस्ती से गुजरने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क का भी हाल बेहाल है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बीच बस्ती से गुजरने वाली इस सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिसमे बस्ती के घरों से निकलने वाला निस्तारी का पानी समा रहा है। आलम ये है कि भले ही अभी शीत ऋतु का सीजन चल रहा है लेकिन इस सड़क को देखने से ऐसा लगता है कि यह वर्षाकाल का सीजन चल रहा है। ग्रामीणों ने इस अव्यवस्था पर खासी नासराजगी व्यक्त करते हुए जन्द से जल्द कोलेगांव की बस्ती से सुगजरने वाली लोक निर्माण सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग से की है।

# एनएसएस शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में ग्राम घुघरी कला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. के. तिग्गा, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रीति सिंग परिहार गुप्ता, लवन सिंह कंवर, मौसमी कुलमित्र, डॉ. एसआर टंडन, और निकिता देशमुख के मार्गदर्शन में छात्रों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया और गांववासियों को स्वच्छ भारत के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 23 दिसम्बर 2024 को एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रेडक्रास के जिला समन्वयक बालाराम साहू और रक्तदान समिति के जिला अध्यक्ष हरीश कुमार साहू सहित रेडक्रास के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना से हुई। इस अवसर पर रेडक्रास के जिला समन्वयक ने एनएसएस के छात्रों को प्राथमिक उपचार, फर्स्ट एड और सीपीआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को सीपीआर की डेमो दिखाकर इसका अभ्यास भी कराया। इसके अतिरिक्त, चोट लगने, हड्डी टूटने, जख्म पर पट्टी बांधने, चक्कर आने पर, कुत्ते या मधुमक्खी द्वारा काटे जाने पर प्राथमिक चिकित्सा के बारे में भी बताया गया। रेडक्रास के सदस्य हरीश साहू ने रक्तदान के महत्व और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलसेल की जांच की जा रही है, और यह जरूरी है कि शादी से पहले सिकल कुंडली मिलान करवाई जाए ताकि आने वाली पीढ़ी इस रोग से प्रभावित न हो। इसके साथ ही थैलीसीमिया जैसी अन्य गंभीर बीमारियों के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम ने छात्रों और गांववासियों को स्वास्थ्य और प्राथमिक चिकित्सा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

# मोबाइल चोरी कर, खाते से दो लाख पार, शिकायत के तीन माह बाद भी कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के सेवा निवृत्त बुजुर्ग शिक्षक का मोबाईल चोरी की करीब दो लाख रूपए की राशि आहरित करने वाले अज्ञात आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के करीब तीन माह बाद भी न तो अज्ञात आरोपी का कोई सुराग मिल पाया है और न ही पीड़ित बुजुर्ग को उसकी राशि ही मिल पाई है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुनः जिला पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रार्थी रमेश कुमार सोनी पिता स्व लालराम सोनी रिटायर्ड शिक्षक नियासी कैलाशनगर वार्ड नम्बर 02 कवर्धा जिला कबीरधान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बैंक खाता शाखा कवर्धा स्टेट बैंक में संचालित है। गत 2 अक्टूबर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका मोबाईल नगर के सब्जी बाजार से चोरी कर लिया। जिसकी रपट उन्होने 04 अक्टूबर को कवर्धा पुलिस थाने में इसकी रपट दर्ज कराई थी। श्री सोनी ने बताया कि 05 अक्टूबर 2024 को शाम को बैंक द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उनके बैंक खातों से कुल 1,99,500 रूपए का यूपीआई आहरण अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया गया। जिसके बाद श्री सोनी ने तत्काल साइबर सेल से सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। लेकिन पुलिस थाना में रिपोर्ट और साइबर सेल में शिकायत के बाद भी आज पर्यंत कोई कार्यवाही नहीं की गई है। स्थिति ये है कि न तो पीड़ित को उनका चोरी गया मोबाईल मिल पाया है और नही ही खाते से निकाली गई करीब दो लाख की राशि का अता पता है। यहां तक की इस बात की भी जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर राशि किसने निकाली है। जिसे लेकर अब पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## पंडरिया के बासिंदे जाम की समस्या से परेशान...



**पंडरिया।** पंडरिया नगर के बासिंदें इन दिनो जाम की गंभीर समस्या से परेशान और हलाकान नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि नगर से होकर गुजरने वाले बिलासपुर, कवर्धा तथा कोरबा मार्ग पर स्थित गांधी चौक में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे लोगों को और खासकर वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर में बढ़ते यातायात के दबाव के लिहाज से नगर से होकर गुजरने वाला कवर्धा-बिलासपुर तथा पंडरिया-कोरबा मार्ग काफी सकरा है उस पर इन दिनो मार्ग में से होकर गन्ना से भरे ट्रैक्टर तथा धान का परिवहन करने वाले ट्रकों की धमाचौकड़ी चौबिसों घंटे नगर में देखने को मिल रही है। मुख्य रूप से नगर के बार से होकर गुजरने वाले इन वाहनो की धमाचौकड़ी के कारण ही यहां इन दिनो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसका बेजा खामियाजा स्थानीय लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है। जाम की इस गंभीर समस्या को देखते हुए यहां एक बॉयपास मार्ग की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन आज पर्यंत इस दिशा में सत्ताधारी दलों ने कोई ध्यान नहीं दिया है। माना जा रहा है कि अगर यहां एक बॉयपास मार्ग बन जाता है तो लोगों को इस जाम से मुक्ति मिल सकती है।

**मोदी की गारंटी के अनुरूप 3100 रूपए का भुगतान नहीं होने से किसान असंतुष्ट**

# कांग्रेस की निगरानी समिति ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के धान खरीदी केन्द्रों की निगरानी के लिए गठित कांग्रेस की निगरानी समिति ने मंगलवार को जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत स. लोहारा, बिरनपुर कला, सलिहा, बिड़ौरा तथा सुरजपुरा धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा इन के न्द्रों में शासन द्वारा समिति के माध्यम से की जा रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित किसानो से चर्चा की। निगरानी समिति में शामिल रामचरण पटेल, चोवाराम साहू, नेतराम जंघेल, भगवान सिंह पटेल, जगमोहन साहू, पंकज साहू, आशाराम साहू, घिरपाल सिंह धुर्वे, छविलाल मरकाम पुनक झारिया ने संयुक्त रूप से बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रायः हर समिति के किसानो ने इस बात की शिकायत की है कि शासन-प्रशासन तथा समिति प्रबंधकों द्वारा समितियों में प्रदेश की भाजपा सरकार के आदेश पर मोदी की गारंटी के तहत इस बात की सूचना तो चस्पाकर रखी है कि किसानो से प्रति क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए में की जाएगी और किसानो को धान का समुचित भुगतान एक मुस्त किया जाएगा। लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में चस्पा मोदी की यह गारंटी पूरी तरफ फेल साबित हो रही है। किसानो ने समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि उनके खातों में मोदी की गारंटी के विपरीत 3100 रूपए प्रति क्विंटल नहीं बल्कि 2300 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से भुगतान किया जा रहा है जो सीधे तौर पर किसानो के साथ धोखा है। निगरानी समिति के मुताबिक हैरानी की बात तो यह है कि शासन-प्रशासन तथा समिति प्रबंधक किसानो को यह बताने को भी तैयार नहीं है कि मोदी की गारंटी के विपरीत किए जा रहे भुगतान के अंतर की राशि किसानो को कब तक दी जाएगी। वहीं चोवाराम साहू ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी के अनुपात में उठाव का आभाव देखा जा रहा है जिससे सभी धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था बनी हुई है और किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने शासन-प्रशासन से किसानो की मांग तथा मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानो को एक मुस्त 3100 रूपए प्रति क्विंटल भुगतान किए जाने तथा खरीदी केन्द्रों में व्याप्त भारी अव्यवस्था को दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

# द होली किंगडम स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

द होली किंगडम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कबीरधाम में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। इस खेल समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने क्रिकेट, कब्बड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलो में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह का समापन 24 दिसंबर को किया गया। खेल समारोह में विद्यालय के निर्देशक पास्टर जोश थामस द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित एवं पुरुस्कार प्रदान किया गया। खेल समारोह में विद्यालय का रेड हाउस ओवर आल चैम्पियन रहा। द्वितीय स्थान यल्लो हाउस तथा तृतीय स्थान में ब्लू हाउस ने प्राप्त किया। अनेक छात्रों ने इन प्रतिस्पर्धा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनेक पुरुस्कार व मेडल प्राप्त किए। विद्यालय के छात्र बालक वर्ग में शिवांश यादव, विवेक साहू, ओवैस शेख एवं बालिका वर्ग में अदिति पटेल, मौली देवांगन, पेनामी पाटिल ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का किताब अपने नाम किया।

